कार्यालय नगरपालिका टोडारायसिंह जिला टोंक (राज)

E-Mail – nptodaraisingh@gmail.com
Ph. – 01433-294303

क्रमांक : न.पा.टो./ई–निलामी/2026–27/3524 दिनांक : 3/11/26

–: भव्य ई–नीलामी सूचना :–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका टोडारायसिंह में पालिका की सहारडा बावडी के पास स्थित अनुमोदित आवासीय योजना में भूखण्डों की नीचे दर्शित भू–खण्ड व साईज अनुसार निम्नांकित दिवस में विक्रय किये जायेगे। जिसका ब्यौरा एवं नीलामी की शर्ते कार्य दिवस में कार्यालय में एवं पोर्टल पर ऑनलाईन देखी जा सकती है। उक्त निलामी निर्धारित दिनांक **को प्रातः 11:00 बजे** से ऑनलाईन पोर्टल **http://sso.rajasthan.gov.in** में ई–ऑक्सन एप्लीकेशन **(E-Auction Application)** के माध्यम से राजस्थान नगर पालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 के प्रावधानों के अन्तर्गत सार्वजनिक ई–निलामी से आवासीय भू–खण्ड विक्रय किये जावेगें। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित दिनांक से पूर्व अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर बोली में भाग ले सकते है। भूखण्डों की बोली ऑनलाईन निर्धारित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे से प्रारम्भ की जाकर अंतिम बोली समाप्ति तक रखी गई हैं। भूखण्ड जिस स्थान व जिस स्थिति में होंगे उसी स्थिति में विक्रय किये जायेंगे। जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

क्र. सं.	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड का प्रकार	क्षैत्रफल (वर्गगज)	आरक्षित दर प्रति वर्गगज	बोली प्रारम्भ दर (प्रति वगर्गज)	तादाद भूखण्डों की संख्या	अमानता राशि (प्रति भूखण्ड)	बोली प्रक्रिया/आवेदन शुल्क	निलामी दिनांक
1	1, 2	आवासीय	30x60= 200.00 वर्गगज	5500/–	7000/–	02	20000/–	1000/–	25.11.2026 व 26.11.2026
2	3	आवासीय	30x56= 186.66 वर्गगज	5500/–	7000/–	01	20000/–	1000/–	
3	4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14	आवासीय	25x56= 155.55 वर्गगज	5500/–	7000/–	11	20000/–	1000/–	
4	17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27	आवासीय	25x55= 152.77 वर्गगज	5500/–	7000/–	11	20000/–	1000/–	
5	28	आवासीय	25+26''-2/2x60 +52'-4"/2= 130.49 वर्गगज	5500/–	7000/–	01	20000/–	1000/–	
6	29	आवासीय	30+31'-5"/2x60+69'-3"/2= 180.22 वर्गगज	5500/–	7000/–	01	20000/–	1000/–	

ई–निलामी सम्बन्धित समय व दिनांक का विवरण :–

ई निलामी से सम्बन्धित विवरण व शर्त वेबसाईट **http://sso.rajasthan.gov.in** ई–ऑक्सन एप्लीकेशन (**E-Auction Application**) के माध्यम से देखी जा सकती है।

निलामी दिनांक 25.11.2026 व 26.11.2026 का विवरण		
विवरण		दिनांक व समय
ई–निविदा में भाग लेने हेतु राशि जमा कराने की तारीख		दिनांक 13.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से 24.11.2026 तक सांय 5.00 बजे तक
ई–निविदा की तारीख		दिनांक 25.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 26.11.2026 सायं 05.00 बजे तक

नोट :– नीलामी में शामिल किसी भूखण्ड के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो के साथ कार्यालय में नीलामी दिनांक से पूर्व नियमानुसार अपनी आपत्ती दर्ज करावें, बाद मियाद कोई कार्यवाही नही की जावेगी। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति/संस्था की होगी।

नीलामी की शर्ते :–

1. भूखण्ड जहां है, जैसा है के आधार पर नीलामी किये जायेंगे।
2. इच्छुक बोली दाता की अपनी स्वयं की SSO ID होना अनिवार्य है। नीलामी बोलीदाता नीलामी भागीदारी शुल्क एंव अमानत राशि अपनी SSO ID से G2C एप में LSG E-AUCTION लिंक पर अपनी प्रोफाईल बनाकर जमा करवाकर ही नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
3. नीलामी लगाने से पूर्व बोलीदाता को प्रत्येक भूखण्ड हेतु निर्धारित अमानत पृथक–पृथक जमा होने पर बोली में भाग ले सकेगे। उक्त धरोहर(अमानत) राशि ऑनलाईन ही जमा करवाना अनिवार्य होगा।
4. यह भूमि विक्रय राज. नगर पालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 नियम (यथा संशोधित) के तहत् की जा रही है।
5. नीलामी बोली में कॉर्नर प्लाट पर अन्तिम नीलामी की 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देय होगी।
6. उच्चतम बोली लगाने वाले (सफल बोलीदाता) को नीलामी स्वीकृत होने की पश्चात मांग पत्र जारी होने की दिनांक से तीन दिवस के भीतर अपनी बोली का 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर उक्त राशि जमा कराने में विफलता के कारण बोलीदाता द्वारा जमा करवायी गई अमानत राशि जब्त कर ली जावेंगी और भूमि की नीलामी स्वतः रद्द मानी जावेगी।
7. सफल बोलीदाता द्वारा बोली की बकाया रकम 35 प्रतिशत नीलामी दिनांक से 120 दिवस के भीतर जमा कराना आवश्यक होगा। विफल रहता है तो अवधि की समाप्ति के बाद बोली लगाने वाले 60 दिनो या विस्तारित समयावधि के भीतर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित देय राशि जमा कराना अनिवार्य होगा।
8. सफल बोलीदाता 180 दिन में शेष 50 प्रतिशत राशि जमा करवायेगा, विफल रहने पर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। यदि बोलीदाता डिमाण्ड नोटिस की तारीख से 15 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करवाता है तो 1 प्रतिशत की बोली राशि में छूट मिलेगी। भूखण्डो की सम्पूर्ण राशि **आरटीजीएस माध्यम से** जमा कराना अनिवार्य होगा।
9. भूखण्ड 99 वर्षीय लीजहोल्ड पर अरबन सेटलमेन्ट ग्राउण्ड रेन्ट के आधार पर विक्रय किया जावेगा। जिसकी लीज राशि आरक्षित दर पर व्यवसायिक की 5 प्रतिशत एवं आवासीय की 2.5 प्रतिशत नियमानुसार क्रेता को जमा करानी होगी।
10. लीजडीड शाश्वत पत्र का विधिवत पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिसके स्टाम्प, नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय क्रेता का होगा।
11. बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका टोडारायसिंह के पास सुरक्षित रहेगा। जिसका कारण बताना आवश्यक नही होगा।
12. बोली लगाने के दौरान किसी भी भूखण्ड में यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उस भूखण्ड की बोली स्थगित/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका टोडारायसिंह में निहित होगा।
13. तीन वर्ष अवधि के अन्दर नियमो के अन्तर्गत नक्शा स्वीकृत करवाकर क्रेंता को भवन निर्माण करना होगा। यदि तीन वर्ष की अवधि में भवन निर्माण नही करवाया गया तो जमा कराई गयी सम्पूर्ण राशि को पालिका द्वारा जब्त कर भूखण्ड को निरस्त कर अपने कब्जे में ले लिया जावेगा। तथा पुनः नीलाम कर दिया जावेगा।
14. उपरोक्त भूखण्डो का मौके पर क्षेत्रफल कम या ज्यादा होगा तो मौकास्थिति के अनुसार राशि जमा करानी होगी।
15. ई–ऑक्शन में अधिकतम दर ही स्वीकार की जावेगी। उपरोक्त वर्णित भूखण्डो की नीलामी बोली 500/– रू गुणंक में बढाकर लगाये जाने पर ही स्वीकार होगी।
16. अन्य जानकारी के लिय कार्यालय नगर पालिका टोडारायसिंह में सम्पर्क करे। सम्पर्क सूत्र श्री रोडूलाल सैनी, कनिष्ठ सहायक, नगर पालिका टोडारायसिंह – 9252322393

नीलामी में भाग लेने हेतु आवश्यक निर्देश :–

1. नगर पालिका टोडारायसिंह द्वारा आयोजित आवासीय भूखण्डो की ई–नीलामी कार्यक्रम में भाग लेने हेतु नगर पालिका टोडारायसिंह की वेवसाईट पर जाने हेतु http://lsgeauction.rajasthan.gov.in/ पर क्लिक करे।
2. इसके पश्चात ई–नीलामी में ऑनलाईन भाग लेने के लिए क्लिक करे ——→ जिसके उपरान्त SSO ID विन्डो ओपन होगी।
3. SSO ID से Login कर LSG-E-AUCTION एप पर अपनी प्रोफाईल बनाकर नीलामी में भाग ले सकते है।
4. रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए दूरभाष नं. श्री रोडूलाल सैनी कनिष्ठ सहायक 9252322393, श्री देवेन्द्र गुर्जर कम्प्यूटर ऑपरेटर 9828501065, श्री सम्पर्क किया जा सकता है। ई–नीलामी पोर्टल पर आवेदक को अपनी बिडिंग प्रोफाईल, आवश्यकता अनुसार दस्तावेजो एवं सिस्टम द्वारा चाही गई सूचनाओ को अद्यतन(Upload) किया जाना होगा। अतः आवेदक से अपेक्षा की जाती है कि नीलामी में भाग लेने से पूर्व उक्तानुसार प्रक्रिया समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करे। प्रोफाईल अनुमोदित होने के पश्चात ही बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने योग्य होगा।
5. नीलामी से संबंधित नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय नगर पालिका टोडारायसिंह में सम्पर्क कर एवं वेबसाईट http://lsgeauction.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

अध्यक्ष
नगरपालिका टोडारायसिंह

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका टोडारायसिंह

क्रमांकः– न.पा.टो../ई–नीलामी/2026–27/3525–33 दिनांकः– 3/11/26

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय टोंक।
2. श्रीमान उपनिदेशक(क्षेत्रीय) महोदय स्थानीय निकाय विभाग अजमेर।
3. श्रीमान अध्यक्ष महोदय नगर पालिका टोडारायसिंह।
4. **श्रीमान प्रबन्ध निदेशक महोदय राजस्थान संवाद DIPR Bulding सचिवालय कैम्पस जयपुर** को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त नीलामी सूचना का प्रकाशन – दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका, दैनिक नवज्योति, समाचार पत्रों के राज्य स्तरीय संस्करण में कम से कम स्पेस में स्वीकृत डीपीआर दर पर प्रकाशित करवाने का श्रम करावे।
5. नोटिस बोर्ड कार्यालय नगर पालिका टोडारायसिंह/उपखण्ड कार्यालय/तहसील कार्यालय/कार्यालय कृषि उपज मण्डी/स्थानीय कार्यालय सार्वजनिक निर्माण विभाग /स्थानीय कार्यालय पी.एच.ई.डी. टोडारायसिंह के सदृश्य स्थान पर चस्पार्थ।
6. स्टोर कीपर नगर पालिका टोडारायसिंह को भेजकर लेख है कि 10 होर्डिंग्स बनवाकर व आवश्यकतानुसार पम्पलेट छपवाकर वितरण करवाने एवं व्यापक प्रचार–प्रसार/माईक सहित/वाहन से करवाया जावे।
7. सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता नगर पालिका टोडारायसिंह सम्बन्धित स्थलो का मानचित्र वास्ते जानकारी 3–3 प्रतियों में तैयार कर उपलब्ध कराने एवं नीलामी तिथि से 3 दिवस पूर्व मौके पर चिन्हिकरण कराने की व्यवस्था करे।
8. स्वास्थ्य निरीक्षक नगर पालिका टोडारायसिंह के वास्ते नीलामी स्थल पर साफ–सफाई करवाने की सुनिश्चितता करे।
9. रक्षित पत्रावली।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका टोडारायसिंह